महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न कार्यो की मिली मंजूरी

भिलाईनगर/ भिलाई के हृदय स्थल में संचालित लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल का आधुनिकीकरण कर भवन को नया स्वरूप प्रदान दिया जायेगा एवं सुविधाओं का विस्तार तथा पार्किंग , उद्यान व्यवस्थित होगा। इसके अतिरिक्त अन्य 20 प्रस्ताव को महापौर परिषद् ने दी स्वीकृति । महापौर परिषद् की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में आहुत किया गया। परिषद् के समक्ष 21 प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत किये गये जिसमें सुपेला में संचालित लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल भवन का प्रथम चरण में नगर निगम भिलाई तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत अस्पताल परिसर में पार्किग को व्यवस्थित कर उद्यान का निर्माण अस्पताल में अतिरिक्त कमरों का निर्माण , वर्तमान वार्ड का विस्तारीकरण, फाल सिंलिग कार्य के साथ वार्ड में लगे बेड को बदल कर नया किया जाएगा। अस्पताल के नये स्वरूप में लिफ्ट की व्यवस्था भी किया जाएगा ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को कोई असुविधा न हो। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना रोका छेका संकल्प अभियान अंतर्गत भिलाई निगम क्षेत्र के सड़कों में घूमन्तू मवेशी की धरपकड़ कार्यवाही की जा रही है और मवेशियों को गौठान में रखा जाता है जिसे छूड़ाने के लिए निर्धारित अर्थदण्ड में वृद्धि करते हुए प्रथम बार 2 हजार, द्वितीय 3000 तथा तृतीय और अंतिम बार 5000 रूपये लिए जाने और उसके बाद एफ.आई.आर दर्ज कराने के प्रस्ताव को सहमति प्रदान की गई है। इसी प्रकार निगम क्षेत्र में विभिन्न माध्यमों से उत्सर्जित कार्बन की गणना कर निगम को आर्थिक लाभ के लिए कार्बन क्रेडिट कार्य को स्वीकृति प्रदान दी गई है। निगम के अधिकारी कर्मचारियों को अवकाश नगदी करण एवं एरियर्स के लंबित राशि का भुगतान निगम कोष के संचित निधि की राशि में किये जाने , भिलाई में कार्यपलान अभियंता के अतिरिक्त पद की स्वीकृति, समयपाल अथवा कार्य सहायक ग्रेड 2 में कार्यरत् कर्मचारियों को उपअभियंता के पद पर पदोन्नति किये जाने हेतु भर्ती नियम में संशोधन तथा योग्यता में छूट प्रदान करने व भिलाई निगम में उपअभियंता के पद पर संविलियन हेतु छ.ग. शासन को पत्र प्रेषित किये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। बैठक में प्रस्तुत अन्य प्रस्ताव निगम की सम्मपत्ति की सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था , स्वीपिंग मशीन क्रय, डबरापारा चौक में निर्माणाधीन वेंडिग जोन में व्यवस्थापन , वार्ड 4 नेहरू नगर में समता उद्यान के पास सामुदायिक भवन का निर्माण , वार्ड 37 (पुराना वार्ड) शिवालय में डोम शेड निर्माण , जोन 4 खुर्सीपार क्षेत्र में 3 नग महिला पिंक टॉयलेट का निर्माण , छावनी उच्चस्तरीय पानी टंकी से 1.5 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट तक मुख्य पाईप लाईन बिछाने का कार्य , छत पर लगे विज्ञापन बोर्ड का प्रकाशन शुल्क में वृद्धि सहित सामाजिक भवन भूमि आबंटन हेतु अनापत्ति पत्र दिये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। बैठक में परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, लालचंद वर्मा, मन्नान गफ्फार खान, श्रीमती नेहा साहू, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर, मीरा बंजारे, निगम के विभागीय सचिव, जोन आयुक्त एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।